दैनिक भास्कर 23/08/2024

पौधारोपण हमारे पर्यावरण के लिए जरूरी : डॉ. रोहित

भास्कर न्यूज | अम्बाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एनएसएस इकाइयों और ईको क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया था। अभियान का उद्देश्य देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण में मदद करना है। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अभियान का शुभारंभ किया। ईको क्लब के इंचार्ज डॉ. कुलदीप यादव ने पौधों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।